बैठक | कलेक्टर ने स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभाग की ली संयुक्त समीक्षा बैठक

# स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में हो सुधार : श्री नारायन



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 31 दिसंबर, जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य सूचकांकों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री नारायन ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।**

बैठक में एएनसी पंजीयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जिले में अब तक 75 प्रतिशत पंजीयन हुआ है। चौरई, छिंदवाड़ा अर्बन एवं ग्रामीण तथा परासिया विकासखंडों में एएनसी पंजीयन कम पाए जाने पर कलेक्टर श्री नारायन ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन उप स्वास्थ्य केंद्रों में एएनसी पंजीयन कम है, वहां की जि मेदारी तय करते हुए की गई कार्रवाई की जानकारी प्रस्तुत की जाए। एनीमिया जांच एवं उपचार कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान खराब प्रदर्शन वाले क्षेत्रों पर स ती बरतने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री नारायन ने कहा कि जिन कर्मचारियों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है, उनके इंक्रीमेंट रोके जाने की कार्रवाई की जाए। इसी प्रकार सिकल सेल स्क्रीनिंग की प्रगति पर चर्चा करते हुए मोहखेड़ में 49 प्रतिशत, चौरई में 49 प्रतिशत तथा तामिया में 50 प्रतिशत स्क्रीनिंग पाए जाने पर इन विकासखंडों में स्क्रीनिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

### आवश्यक्तानुसार दिए जाए वेतन

सीएचओ के कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि जिन विकासखंडों में सीएचओ द्वारा कार्य ठीक से नहीं किया जा रहा है, उनका रिव्यू कर आवश्यकतानुसार वेतन रोके जाने की कार्रवाई की जाए। होम डिलीवरी के मामलों पर भी कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताई। तामिया एवं हर्रई विकासखंड में होम डिलीवरी की सं या अधिक पाए जाने पर इसे पूरी तरह से कम करने के निर्देश दिए गए। तामिया के बीएमओ के बैठक में अनुपस्थित रहने पर उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश भी कलेक्टर श्री नारायन द्वारा दिए गए।

### अधिकारियों को दिए सुधार लाने के निर्देश

एनसीडी कार्यक्रम की प्रगति धीमी पाए जाने पर जिला नोडल अधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को स ती से सुधार लाने के निर्देश दिए गए। परिवार कल्याण कार्यक्रम में कम उपलब्धि पर अधिक से अधिक नसबंदी शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री नारायन ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी प्रकार की गलत जानकारी या रिपोर्टिंग सामने आती है तो उसका तत्काल खंडन कराया जाए।

# कॉलेज में पर्यावरण जागरूकता पर क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**बिछुआ, 31 दिसंबर, शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में ईको क्लब के तत्वावधान में पर्यावरण जागरूकता विषय पर क्विज प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करना रहा।**

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर पी यादव के द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे शैक्षणिक एवं जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यवहारिक रूप से पर्यावरण मित्र बनने के लिए प्रेरित करते हैं। इको क्लब प्रभारी डॉ नवीन कुमार चौरसिया ने कार्यक्रम के उद्देश्यों से अवगत कराया।

प्रतियोगिता के दौरान पर्यावरण प्रदूषण, जल संरक्षण, जैव विविधता, जलवायु परिवर्तन, नवीकरणीय ऊर्जा तथा प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली जैसे महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतिभागियों ने अपनी त्वरित समझ, ज्ञान और तार्किक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता को कई चरणों में आयोजित किया गया, जिससे प्रतिभागियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीम भावना का विकास हुआ। दर्शक विद्यार्थियों ने भी पूरे कार्यक्रम के दौरान सक्रिय रुचि दिखाई।

महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ नसरीन अंजुम खान के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।अंत में परिणाम घोषित किए गए। प्रथम स्थान पर बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र अंकित साहू द्वितीय उर्वशी मंगरोले एवं तृतीय स्थान खुशी वर्मा की रही। विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों की सराहना की गई।

डॉ कीर्ति डेहरिया ने कार्यक्रम की सफलता के लिए महाविद्यालय स्टाफ, निर्णायक टीम, इको मित्र एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इको क्लब प्रभारी ने बताया कि भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण से जुड़े ऐसे रचनात्मक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ माधुरी पुसे डॉ नमिता चौबे एवं डॉ मनिता कौर विरदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाकर किया गया, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने प्रकृति की रक्षा हेतु अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने का संकल्प लिया।

# टीचर्स वेलफेयर सोसायटी चांद द्वारा 72 छात्रों को गर्म स्वेटर का किया गया वितरण



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 31 दिसंबर, स्कूल शिक्षा विभाग के विद्यालय उपहार योजना के तहत जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल के मार्गदर्शन में उपहार योजना विद्यालयों में संचालित हो रही है। राज्यपाल पुरुस्कृत शिक्षक व सचिव टीचर्स वेलफेयर सोसायटी चांद राकेश कुमार मालवीय ने बताया कि राम जानकी मंदिर कनक धाम के संत पटेल बाबा के मु य आतिथ्य में एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला लोनी कला में विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक विजय पवार, संकुल प्राचार्य महेश कुमार रघुवंशी, टीचर्स वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष पोहपसिंह वर्मा, प्राचार्य टॉप के.पी. डेहरिया, प्राचार्य पांजरा अभिषेक रघुवंशी की उपस्थिति में गत दिवस 72 छात्र-छात्राओं को गर्म स्वेटर का वितरण किया गया।**

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वितरण कार्यक्रम के पूर्व कार्यक्रम संचालक श्री मालवीय ने सोसाइटी के उद्देश्य शिक्षा-समाज-पर्यावरण पर किये जा रहे कार्य को उल्लेखित किया और उपस्थित ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों व पालकों से आग्रह किया कि छात्रों के गुणोत्तर विकास के लिये उन्हें शिक्षकों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना चाहिए, जिससे शासकीय विद्यालयों को उत्कृष्टता मिल सकें। अपने उद्बोधन में अभिषेक रघुवंशी ने कहा कि स्वेटर वितरण के माध्यम से सोसाइटी जनमानस में शासकीय विद्यालयों के महत्व को समझाने के लिए शानदार पहल कर रहीं है जिसका हमें अनुसरण व स्वागत करना चाहिए। ग्राम पटेल श्रीपाल पटेल ने उद्बोधन में कहा कि बच्चों में ईश्वर का वास होता है और गरीब पालकों के बच्चों को भीषण ठण्ड में स्वेटर देना यह अनुपम परोपकार का कार्य है। संकुल प्राचार्य श्री रघुवंशी ने सोसाइटी के सतत स्वेटर वितरण कार्यक्रम की सराहना की और उपस्थित समुदाय से अपील की कि वह अब शासकीय विद्यालयों की ओर अपने बच्चों को लौटाएं जिससे सर्वांगीण विकास की शासन की मंशा पूर्ण हो सके इसके लिये विभाग सभी सुविधाएं छात्रों को उपलब्ध करा रहा है।

# परासिया में सजा खाटू श्यामजी का भव्य दरबार

## भजन संध्या में जमकर झूमे श्रद्धालु



**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 31 दिसंबर, भगवान सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव के अवसर पर सहस्त्रबाहु कलार समाज, परासिया के तत्वावधान में खाटू श्यामजी भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत बाजार चौक में भगवान खाटू श्यामजी का आकर्षक दरबार सजाया गया, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।**

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान सहस्त्रबाहु एवं खाटू श्याम सुंदर की विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुआ। भजन गायक सुनील सत्यार्थी ने खाटू श्यामजी की स्तुति और आराधना से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं जिले की चर्चित गायिकाएं शेफाली शाह एवं रूपाली जांघेला ने ÷हम कथा सुनाते हैं श्रीराम की÷ और ÷छप्पन भोग÷ जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

देर रात बुरहानपुर से पधारी सुप्रसिद्ध भजन गायिका खुशबू चौकसे ने सहस्त्रबाहु कलार समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए खाटू श्यामजी के दरबार में अपनी संगीतमय प्रस्तुति दी। उन्होंने ÷ग्यारस की ये रात÷, ÷सांवरे का ख्वाब आया है÷, ÷श्रीराम जानकी जय हनुमाना÷, ÷कीर्तन की रात आई है÷ और ÷श्याम सुंदर की क्या बात÷ जैसे मधुर भजनों से श्रद्धालुओं को देर रात तक बांधे रखा। कार्यक्रम के समापन पर खाटू श्यामजी की महाआरती की गई एवं छप्पन भोग अर्पित किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में खाटू श्यामजी के भक्तों के साथ कलार समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### तंसरामाल में सार्वजनिक भागवत कथा का आयोजन आज से

**मोहखेड़।** ग्राम पंचायत तंसरामाल में पिछले 7 वर्ष बाद सार्वजनिक श्रीमद् भागवत कथा आज 1 जनवरी दिन गुरुवार से शुरू होगी। कथा का वाचन वृंदावन धाम के पंडित जयप्रकाश शास्त्री करेंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक एंव रात्रि 8 बजे से रात्रि 11 बजे तक होगी।समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आज गुरुवार को दोपहर 2 बजे शोभायात्रा व कलश यात्रा निकलेगी। 2 को भीष्म स्तुति एंव परिक्षित जन्म ,3 को ध्रुव चरित्र,अजामिल उपाख्यान, 4 को वामन अवतार, राम एंव कृष्ण जन्म,5 को श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एंव गोवर्धन पूजा , 6 को द्वारकाधीश और कृष्ण रुक्मणी विवाह विशेष उत्सव तुलसी विवाह,7 को परिक्षित मोक्ष,कथा विश्राम एंव श्री हरिनाम सप्ताह आयोजन एंव 8 जनवरी दिन गुरुवार को हवन पूजन,दहीलाही एंव महाप्रसाद वितरण होगा।

# छोटे-बड़े झाड़ मद में उलझा पट्टा वितरण

## नप अध्यक्ष गोविंद बाजोलिया ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 31 दिसंबर, नगर परिषद चांदामेटा में शासन की विशेष योजना के अंतर्गत वितरित किए जाने वाले पट्टों की प्रक्रिया छोटे और बड़े झाड़ मद की भूमि में उलझकर रह गई है। इसके चलते नगर के सैकड़ों परिवार पट्टा सर्वेक्षण की सूची से बाहर हो गए हैं।**

नगर परिषद अध्यक्ष गोविंद बाजोलिया ने इस संबंध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार नगर परिषद चांदामेटा-बुटरिया के कर्मचारियों एवं हल्का पटवारी द्वारा पट्टा सर्वे का कार्य किया गया। सर्वे के दौरान हल्का पटवारी द्वारा कई लोगों को छोटे झाड़ एवं बड़े झाड़ की भूमि पर निवासरत बताकर अपात्र घोषित कर दिया गया।

नप अध्यक्ष ने बताया कि जिन क्षेत्रों में वर्तमान में लोगों को अपात्र किया जा रहा है, उन्हीं के आसपास पूर्व में शासन द्वारा कई व्यक्तियों को पट्टे जारी किए जा चुके हैं। इसके अलावा क्षेत्र के कई परिवार पिछले 50 से 60 वर्षों से शासकीय भूमि पर बने मकानों में निवासरत हैं, बावजूद इसके उन्हें भी छोटे-बड़े झाड़ मद की भूमि बताकर पट्टा नहीं दिया जा रहा है।

गोविंद बाजोलिया ने एसडीएम से मांग की है कि छोटे एवं बड़े झाड़ मद की भूमि पर वर्षों से निवासरत परिवारों को पट्टा सर्वे सूची में शामिल कर उन्हें शीघ्र पट्टा जारी किया जाए।

# स्वर्गीय श्रीमती निर्मला ठाकुर की स्मृति में आयोजित लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

## जूनियर टीमों के मध्य हुआ मुकाबला, सीनियर मुकाबले में यूट्यूब फिटनेस क्लब ने जीता मैच



**नवभारत न्यूज**
**अमरवाड़ा, 31 दिसंबर, इंदिरा गांधी स्टेडियम ग्राउंड में स्वर्गीय श्रीमती निर्मला ठाकुर की स्मृति में आयोजित नव चेतना क्रिकेट क्लब के तत्वधान में लेदर वाल क्रिकेट प्रतियोगिता के बुधवार के दिन सुबह जूनियर टीमों के मध्य मुकाबला हुआ।**

अमरवाड़ा ग्राउंड में प्रतियोगिता प्रभारी कोच ललित गुप्ता के मार्गदर्शन में एकेडमी आयोजित की जाती है, जिसमें नगर के बड़ी संख्या में 15 वर्ष तक के खिलाड़ियों को मार्गदर्शन एकेडमी के माध्यम से दिया जाता है। वही कोच ललित गुप्ता एकेडमी के खिलाड़ी को मध्य प्रदेश के अनेक जिलों में लेकर जाते हैं जिससे अमरवाड़ा की पहचान लगातार क्रिकेट के क्षेत्र में बन रही है। ज्ञातव्य रहे की कोच ललित गुप्ता राष्टीय एवं राज्य स्तरीय मुकाबले में अंपायर एवं कोच की भूमिका निभा चुके हैं, जिसके कारण ही वे अमरवाड़ा के खिलाड़ियों को सालभर एकेडमी आयोजित कर कोच के रूप में उचित मार्गदर्शन लगातार देते चले आ रहे हैं। आज के जूनियर मुकाबले में एनसीसी जीत हासिल की। प्रतियोगिता प्रभारी ललित गुप्ता ने बताया कि सीनियर वर्ग का बुधवार को खेले गए मुकाबले में यूट्यूब फिटनेस क्लब छिंदवाड़ा ने निर्धारित 20 ओवर में 198 रन बनाए जिसके जवाब में नव चेतना क्रिकेट क्लब 106 रन पर ही सिमट गई और यूट्यूब फिटनेस क्लब ने 92 रनों से मैच जीता। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता उत्तम सिंह ठाकुर बैंक मैनेजर ललित राउत, पूर्व मंडी अध्यक्ष पंडित बसंत चौबे अनु वर्मा संजू सूर्यवंशी के द्वारा मैन ऑफ द मैच उत्सव बैरागी को दिया जिन्होंने शानदार अर्धशतक लगाया। मैच के दौरान शानदार कमेंट्री चंदन ठाकुर नफीस मंसूरी अख्तर खान के द्वारा की गई। स्कोरिंग अनु बघेल शुवी यादव एवं अंपायर की भूमिका पप्पू ठाकुर धनंजय धुर्वे ने निभाई।

# हवन यज्ञ और भंडारे के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा का समापन



**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 31 दिसंबर, तुर्कीखापा-गोहजर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का विश्व शांति एवं सर्वकल्याण की कामना से समापन हुआ। कथा के समापन पर हवन यज्ञ,हरीनाम दही सप्ताह और विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।**

इस दौरान छतीसगढ़ से पधारे कथा व्यास आचार्य श्री मुकुंदकृष्ण महाराज ने व्यासपीठ से कहा कि आत्मा को जन्म व मृत्यु के बंधन से मुक्त कराने के लिए भक्ति मार्ग से जुड़कर सत्कर्म करना होगा। हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है।यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मन वांछित फल प्रदान करते हैं। बाल व्यास हरितोष ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है।कथा के समापन पर यजमान वैशाखू एंव चैती साहू सिंह,सुखदेव-लता साहू एवं परिवार के अन्य सदस्यों ने व्यासपीठ पर आरती की। कथा समापन पर भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया।इस दौरान पूर्व राज्य शिक्षा मंत्री नानाभाऊ मोहोड़,सौंसर विधायक विजय चौरे,जनपद सदस्य राजेंद्र पाठे,भाजपा मंडल मोहखेड गगन घटकड़े,लिंगा अध्यक्ष घनश्याम कड़वे,महामंत्री वेदप्रकाश सिसोदिया, सरपंच अर्जुन पाठे समेत जनप्रतिनिधि एंव भक्त श्रद्धालुओं ने पहुचकर महाप्रसाद कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

विदाई | सेवानिवृत्त शिक्षक एंव शिक्षिका के स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन

# शिक्षक समाज के मार्गदर्शक होते हैं, वे कभी सेवानिवृत्त नहीं होते : संगीत जैंन



**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 31 दिसंबर, शासकीय वरिष्ठ बुनियादी एकीकृत माध्यमिक मोहखेड में पदस्थ शिक्षक मानिकराव चरपे की सेवानिवृत्ति एंव जाम संकुल केंद्र अंतर्गत शासकीय प्राथमिक स्कूल जूनापानी में उनकी पत्नी शिक्षिका अरूणा चरपे की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के बीआरसी संगीत जैंन ने की। सेवानिवृत्त शिक्षक मानिकराव चरपे को पुष्पमाला पहनाकर व अंगवस्त्र एंव शिक्षिका अरूणा चरपे को पुष्प गुच्छ कलम, डायरी आदि भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावनात्मक बना दिया।**

समारोह को संबोधित करते हुए बीआरसी संगीत जैंन ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का वह पड़ाव है, जब शब्दों से अधिक भावनाएं मुखर होती हैं। शिक्षक समाज के मार्गदर्शक होते हैं, वे कभी सेवानिवृत्त नहीं होते। अपनी प्रेरणा से समाज को सशक्त बनाते हैं। ज्ञात हो कि मानिकराव चरपे ने अगस्त 2023 को विद्यालय में योगदान दिया था। 30 दिसंबर 2025 को सेवानिवृत्त हुए। अपने पूरे कार्यकाल में वे एक मिलनसार, ईमानदार व कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक के रूप में जाने गये।सांदीपनि उत्कृष्ट विधालय प्राचार्य जगदीश ग्यार ने कहा कि शिक्षक का जीवन सेवा, समर्पण और संस्कारों का प्रतीक होता है। विद्यालय में दी जाने वाली शिक्षा केवल ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन के मूल्य सिखाती है। उन्होंने कहा कि विदाई किसी भी सेवाकाल का स्वाभाविक, लेकिन भावनात्मक क्षण होता है जो शिक्षक और संस्था दोनों के लिए अविस्मरणीय रहता है। प्रधानपाठक प्रमोद टांडेकर ने कहा कि विद्यालय परिवार उनके कार्यों को सदैव याद रखेगा. उनकी कुशल कार्यक्षमता व उत्कृष्ट योगदान हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं.इस दौरान विदाई समारोह में बीएसी अरविंद भट्ट, मनोज कोलारे, पीएम पोषण प्रभारी सुखदेव उइके,देवगढ हाईस्कूल प्राचार्य एस.के.टांडेकर,जनशिक्षक शिवलाल गाकरे, जगदीश धुर्वे, शिक्षक एच.आर.मोहबे,हनेश उइके, संतोषी भादे, दीपक सोनी, नरेश उदासी, अरविंद चौरसिया, सैयद अमहद शाह,भगवतराव बननाइत,संजय भारती,नामदेव बननाइत, अजीत टोप्पो, धनुष डिगरसे, मोतीराम उइके,विनोद पाटिल समेत शिक्षक - शिक्षिकाएं मौजूद थे।